भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1155
(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

1155. श्री खलीलुर रहमान:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत निर्मित आवासों की राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर पश्चिम बंगाल के संदर्भ में संख्या कितनी है;

(ख) पश्चिम बंगाल में उक्त योजना के अंतर्गत कितने आवास बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था तथा अब तक कितने आवास नहीं बनाए जा सके हैं; और

(ग) शेष रह गए आवासों का निर्माण कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी)

(क): प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत, इस मंत्रालय द्वारा दिनांक 31.03.2024 तक आवंटित 2.95 करोड़ आवासों के लक्ष्य की तुलना में दिनांक 25.07.2024 की स्थिति के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र ने 2.946 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को स्वीकृति दी है और 2.64 करोड़ आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लक्ष्यों, आवासों की स्वीकृति और निर्माण कार्य पूर्ण होने का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, लक्ष्यों, स्वीकृत और निर्मित आवासों का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा कार्यक्रम की वेबसाइट www.pmayg.nic.in--->AwaasSoft--->Reports--->Houses progress against the target financial year पर देखा जा सकता है।

(ख) पीएमएवाई-जी के अंतर्गत, इस मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य को दिनांक 31.03.2024 तक 45,69,423 आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमे से दिनांक 25.07.2024 तक 34,12,973 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

(ग) प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) दिनांक 1 अप्रैल, 2016 से कार्यान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बुनियादी सुविधायुक्त 2.95 करोड़ पक्के आवासों का निर्माण कर पात्र ग्रामीण परिवारों को सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा अगले पांच वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न होने वाली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो करोड़ अतिरिक्त आवासों का निर्माण प्रस्तावित है।

****

अनुबंध

"पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण"के संबंध में दिनांक 30.07.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत प्रश्न संख्या 1155 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित विवरण

दिनांक 25.07.2024 की स्थिति के अनुसार पीएमएवाई-जी के तहत लक्ष्यों, स्वीकृत और निर्मित आवासों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या निम्नानुसार है:-

क्र. सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	मंत्रालय द्वारा आवंटित लक्ष्य	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वीकृत आवास	निर्मित आवास
1	अरुणाचल प्रदेश	35,937	35,684	34,746
2	असम	20,51,842	20,47,367	19,03,864
3	बिहार	37,01,362	37,00,928	36,58,868
4	छत्तीसगढ़	11,76,142	11,76,141	10,87,671
5	गोवा	257	254	237
6	गुजरात	6,03,343	6,02,054	5,54,000
7	हरियाणा	29,402	29,395	28,669
8	हिमाचल प्रदेश	29,138	28,227	17,325
9	जम्मू और कश्मीर	3,36,498	3,35,376	2,38,336
10	झारखंड	15,92,160	15,92,135	15,61,630
11	केरल	35,157	35,118	33,841
12	मध्य प्रदेश	37,99,546	37,98,598	36,64,571
13	महाराष्ट्र	13,74,105	13,64,785	12,48,622
14	मणिपुर	1,01,550	1,01,548	30,537
15	मेघालय	1,88,034	1,86,994	76,530
16	मिजोरम	29,967	29,966	20,508
17	नागालैंड	48,830	48,830	15,254
18	ओडिशा	27,25,585	27,23,967	22,28,005
19	पंजाब	39,689	39,627	38,186
20	राजस्थान	17,16,779	17,15,490	16,93,886
21	सिक्किम	1,399	1,398	1,359
22	तमिलनाडु	7,47,202	7,41,843	6,20,819
23	त्रिपुरा	3,76,913	3,76,794	3,57,931

24	उत्तर प्रदेश	36,14870	36,12,915	35,87,825
25	उत्तराखंड	69,194	68,677	67,060
26	**पश्चिम बंगाल**	**45,69,423**	**45,69,365**	**34,12,973**
27	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	3,424	3,424	1,227
28	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	11,364	11,363	3,887
29	लक्षद्वीप	45	53	45
30	आंध्र प्रदेश	2,46,430	2,46,426	76,866
31	कर्नाटक	2,41,409	2,38,103	1,30,961
32	लद्दाख	3,004	3,004	3,004
कुल		**2,95,00,000**	**2,94,65,849**	**2,63,99,243**

****